JAGRAN

Josh

your guide to success

WWW.JAGRANJOSH.COM

यूपीपीसीएस अवर अधीनस्थ परीक्षा 2009 : सामान्य अध्ययन

**SERIES : D**

**2009** Sr. No. 354976

**CODE : EFG-37**

**विषय : सामान्य अध्ययन** **Sub : GENERAL STUDIES**

**पूर्णांक : 100** **Max. Marks : 100**

**समय : 2 घण्टे** **Time : 2 Hours**

अपना अनुक्रमांक बॉक्स में लिखें (अंकों में / शब्दों में) ।
Write your Roll Number in the box (in numbers / in words)

प्रश्नों के उत्तर के लिये केवल काले बाल प्वाइंट पेन का इस्तेमाल करें ।
To mark Answer use Black ball point pen only.

जब तक न कहा जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।
Till told, do not open the booklet.

अभ्यर्थी उत्तर पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।
Candidate must read all the instructions before writing the answers.

आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं । परीक्षा उपरांत उत्तर-पत्रक इनविजिलेटर को लौटा दें ।
You are to mark your answer on Answer Sheet only. After the examination is over, handover the Answer Sheet to the Invigilator.

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
2. उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न-पत्र का सही कोड एवं सीरीज अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
3. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं । अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **काले बाल प्वाइंट पेन** से पूरा गहरा कर दें । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जाँचा नहीं जायेगा ।
4. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अथवा अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें । यदि आप रफ कार्य करना चाहते हैं तो आप इनविजिलेटर से वर्किंग शीट माँग लें व इस पर वांछित सूचनायें भर लें ।
5. प्रश्न-पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका में कोई कमी हो तो इनविजिलेटर को दिखाकर उसी सीरीज व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें ।

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. Answer all questions. All questions carry equal marks.
2. The candidate should indicate the correct Roll Number, Subject, Paper Code and its Series on the Answer-Sheet, otherwise the Answer-Sheet will not be evaluated and the candidate will be solely responsible for it.
3. This booklet contains **100** questions. Each question has 4 alternative answers. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the answer sheet using **black ball point pen.** If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer and it will not be examined.
4. Nothing is to be written on the cover page or any other page of this booklet. If you need a working sheet to do your rough work, please ask the invigilator for it and mention required information on it.
5. If you happen to find that the booklet issued to you does not have all the pages properly printed or it has any other deficiency, then you need to approach the invigilator to get another booklet of same series and code.

## सामान्य अध्ययन

1. निम्नलिखित में से कौन 'स्वदेशी' आन्दोलन का आलोचक था एवं पूर्व तथा पाश्चात्य के मध्य एक बेहतर सम्बन्ध का समर्थक था ?
   (a) डब्ल्यू.सी. बनर्जी
   (b) एस.एन. बनर्जी
   (c) आर.एन. टैगोर
   (d) बी.जी. तिलक

2. आर्य समाज की स्थापना का वर्ष है
   (a) 1865 (b) 1870
   (c) 1875 (d) 1880

3. स्वराज्य पार्टी के संस्थापक कौन थे ?
   (a) महात्मा गांधी
   (b) जवाहरलाल नेहरू
   (c) सी.आर. दास
   (d) बाल गंगाधर तिलक

4. मुगल-काल में जनपद (जिला) क्या कहलाता था ?
   (a) इक़्ता (b) सरकार
   (c) तर्फ़ (d) सूबा

5. मुगल प्रशासनिक शब्दावली में 'माल' प्रतिनिधित्व करता है
   (a) भू-राजस्व का
   (b) वेतन का
   (c) भत्तों का
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. निम्नलिखित में से किसे 'काला (श्याम) पैगोडा' के नाम से जाना जाता है ?
   (a) शोर मंदिर
   (b) खजुराहो का मन्दिर
   (c) कोणार्क का सूर्य मंदिर
   (d) देवगढ़ का मंदिर

7. निम्नलिखित में से किसे 'भारत का नेपोलियन' कहा जाता है ?
   (a) चन्द्रगुप्त मौर्य
   (b) समुद्रगुप्त
   (c) चन्द्रगुप्त द्वितीय
   (d) हर्षवर्द्धन

8. भारतीय राष्ट्रवाद का पैगम्बर किसे माना जाता है ?
   (a) एम.के. गांधी
   (b) राम मोहन राय
   (c) रवीन्द्रनाथ टैगोर
   (d) दयानन्द सरस्वती

9. एम.के. गांधी समर्थक थे
   (a) मार्क्सवादी समाजवाद के
   (b) श्रेणी समाजवाद के
   (c) आदर्शवाद के
   (d) दार्शनिक अराजकतावाद के

10. "ए नेशन इन द मैकिंग" नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
   (a) राम मोहन राय
   (b) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
   (c) बी.जी. तिलक
   (d) एस.सी. बोस

11. 'लाल कुर्ती दल' का नेता कौन था ?
   (a) महात्मा गांधी
   (b) अब्दुल गफ़्फार खाँ
   (c) जवाहरलाल नेहरू
   (d) मौलाना आज़ाद

12. भारतीय भाषा में 1857 के विप्लव के कारणों पर लिखने वाला प्रथम भारतीय था
   (a) सैय्यद अहमद खाँ
   (b) वी.डी. सावरकर
   (c) बंकिमचंद्र चटर्जी
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. निम्नलिखित में से किसने 1942 में 'भारत छोड़ो प्रस्ताव' का समर्थन किया था ?
   (a) ए.के. आजाद
   (b) राजेन्द्र प्रसाद
   (c) सरदार वल्लभभाई पटेल
   (d) जवाहरलाल नेहरू

14. भारत में अप्रत्यक्ष निर्वाचन की प्रथा किस वर्ष में आरम्भ की गई थी ?
   (a) 1861 में (b) 1892 में
   (c) 1909 में (d) 1919 में

**15.** निम्नलिखित में से कौन बहुलक नहीं है ?
(a) घी (b) स्टार्च
(c) प्रोटीन (d) रुई (कपास)

**16.** प्रथम विश्व युद्ध के दौरान निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया गया था ?
(a) लूईसाइट
(b) मस्टर्ड गैस
(c) मिथाइल सायनाइड
(d) फॉसजीन

**17.** कपास का प्रमुख घटक है
(a) प्रोटीन (b) वसीय अम्ल
(c) सेल्यूलोस (d) ग्लीसरीन

**18.** राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला स्थित है
(a) नई दिल्ली में (b) चेन्नई में
(c) बंगलुरु में (d) कोलकाता में

**19.** अन्तरिक्ष में भेजा गया भारत का पहला उपग्रह था
(a) भास्कर (b) रोहिणी
(c) आर्यभट्ट (d) एप्पल

**20.** निम्नलिखित अभयारण्यों में से कौन उल्लिखित संरक्षित प्रजातियों से सुमेलित नहीं है ?
(a) जिम कौर्बेट – बाघ
(b) घाना – शेर
(c) काज़ीरंगा – गैंडा
(d) पेरियार - हाथी

**21.** मरुस्थल परिभाषित किया जाता है, उस क्षेत्र के रूप में जहाँ
(a) तापमान 42 °से से अधिक रहता हो ।
(b) कोई पादप न पाया जाता हो ।
(c) वार्षिक वर्षा 25 से.मी. से कम होती हो ।
(d) बालू के टीलों की प्रधानता हो ।

**22.** प्रतिवर्ष दिसम्बर 1, मनाया जाता है
(a) विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में ।
(b) विश्व खाद्यान्न दिवस के रूप में ।
(c) विश्व एड्स दिवस के रूप में ।
(d) विश्व साक्षरता दिवस के रूप में ।

**23.** मरीजों के पेट के अन्दर का परीक्षण करने हेतु डॉक्टरों द्वारा प्रयुक्त "इण्डोस्कोप" निम्नलिखित में से किस सिद्धान्त पर कार्य करता है ?
(a) प्रकाश का परावर्तन
(b) प्रकाश का प्रकीर्णन
(c) प्रकाश का अपवर्तन
(d) प्रकाश का सकल आन्तरिक परावर्तन

**24.** वे ग्रह कौन से हैं, जिनके चारों ओर परिक्रमा करने वाले उपग्रह नहीं होते हैं ?
(a) मंगल एवं शुक्र
(b) बुध एवं शुक्र
(c) मंगल एवं बुध
(d) नेप्च्यून एवं मंगल

**25.** यूरिया में नाइट्रोजन का प्रतिशत (%) होता है
(a) 30 % (b) 25 %
(c) 47 % (d) 60 %

**26.** निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है ?
(a) राजस्थान परमाणु ऊर्जा संयंत्र – उदयपुर
(b) नरोरा परमाणु ऊर्जा संयंत्र – उत्तर प्रदेश
(c) मद्रास परमाणु ऊर्जा संयंत्र – कलपक्कम
(d) कैगा परमाणु ऊर्जा संयंत्र – कर्नाटक

**27.** **कथन (A) :** बर्फ़ का टुकड़ा पेय को ठंडा बना देता है ।

**कारण (R) :** बर्फ़ पिघलाने के लिए पेय से गुप्त ऊष्मा लेता है, जिससे पेय ठंडा हो जाता है ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (R) है ।

(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (R) नहीं है ।

(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**28.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| A. रिवॉल्वर | 1. एल्फ्रेड नोबेल |
| B. डायनामाइट | 2. पास्कल |
| C. शीतलता का नियम | 3. कोल्ट |
| D. दाब का नियम | 4. न्यूटन |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**29.** 'ऑक्टेन संख्या' गुणवत्ता का माप है

(a) खाद्य तेलों की ।

(b) पेट्रोल की ।

(c) केरोसीन तेल की ।

(d) सुगन्धित तेलों की ।

**30.** ट्यूब लाइट में भरी होती है

(a) सोडियम वाष्प

(b) कम दाब पर ऑर्गन गैस

(c) कम दाब पर पारे की वाष्प

(d) मरक्यूरिक ऑक्साइड व ऑर्गन गैस ।

**31.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| A. सिलिकॉन कार्बाइड | 1. प्रकाश संश्लेषण |
| B. कार्बन तन्तु | 2. प्रशीतक |
| C. कार्बन डाइऑक्साइड | 3. कृत्रिम हीरा |
| D. डाईक्लोरो-डाईफ़्लोरो मिथेन | 4. वायुयान |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**32.** रेशम तंतु, रोम, पिच्छ, नख तथा नखर निर्मित होते हैं

(a) फाइब्रिन से

(b) इलास्टिन से

(c) किरेटिन से

(d) कोलेजन से

**33.** 100 वॉट के एक बल्ब को चार घंटे तक स्विच ऑन रखा जाता है । प्रयुक्त विद्युत ऊर्जा की इकाइयाँ होंगी

(a) 400 (b) 25

(c) 4 (d) 0.4

**34.** 'मैडकाऊ' रोग का कारक है

(a) जीवाणु (b) विषाणु

(c) कवक (d) प्रायॉन्स

**35.** निम्नलिखित में से कौन एक सुमेलित नहीं है ?

| | अ | ब |
|---|---|---|
| (a) | अनुच्छेद 23 : | मानव के दुर्व्यापार एवं बलात् श्रम का प्रतिबन्ध । |
| (b) | अनुच्छेद 24 : | कारखानों आदि में बालकों के नियोजन का प्रतिषेध |
| (c) | अनुच्छेद 26 : | धार्मिक कार्यों के प्रबन्ध की स्वतंत्रता । |
| (d) | अनुच्छेद 29 : | शिक्षण संस्थाओं की स्थापना और प्रशासन करने का अल्पसंख्यक वर्गों का अधिकार । |

**36.** भारतीय संविधान सभा का गठन किया गया था

(a) भारत सरकार अधिनियम 1935 के अन्तर्गत ।
(b) क्रिप्स योजना, 1942 के अन्तर्गत ।
(c) कैबिनेट मिशन योजना, 1946 के अन्तर्गत ।
(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम, 1947 के अन्तर्गत ।

**37.** भारतीय संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची में पंचायतों के लिए कुल कितने विषय निर्धारित किए गए हैं ?

(a) 27 (b) 28
(c) 29 (d) 30

**38.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन एक सुमेलित नहीं है ?

| | संविधान का भाग | विषय |
|---|---|---|
| (a) | भाग II | नागरिकता |
| (b) | भाग III | मूल अधिकार |
| (c) | भाग IV | राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व |
| (d) | भाग V | मूल कर्तव्य |

**39.** राज्य सभा में 'धन विधेयक' प्राप्त होने के कितने दिनों के अन्दर इसे, लोक सभा को वापस किया जाना चाहिए ?

(a) 12 दिनों के अन्दर
(b) 14 दिनों के अन्दर
(c) 16 दिनों के अन्दर
(d) 18 दिनों के अन्दर

**40.** भारतीय संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते हैं

(a) राष्ट्रपति
(b) उप-राष्ट्रपति
(c) लोकसभा के अध्यक्ष
(d) भारत के मुख्य न्यायाधीश

**41.** अशोक मेहता समिति ने 'पंचायती राज' के लिए किस प्रतिमान की संस्तुति की थी ?

(a) एक-स्तरीय (b) द्वि-स्तरीय
(c) त्रि-स्तरीय (d) चार-स्तरीय

**42.** संविधान के किस अनुच्छेद के द्वारा उद्योग के प्रबंधन में कर्मकारों की भागीदारी का प्रावधान दिया गया है ?

(a) अनुच्छेद 43 (b) अनुच्छेद 43 A
(c) अनुच्छेद 45 (d) अनुच्छेद 47

**43.** निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अनुसार भारतीय संविधान अन्तर्राज्य परिषद के सम्बन्ध में प्रावधान करता है ?

(a) अनुच्छेद 262 के अनुसार
(b) अनुच्छेद 263 के अनुसार
(c) अनुच्छेद 264 के अनुसार
(d) अनुच्छेद 265 के अनुसार

**44.** 'भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस' में 'राष्ट्रीय' शब्द प्रभावित था

(a) प्राचीन भारतीय पूर्वोदाहरण से ।
(b) ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रतिक्रिया से ।
(c) यूरोपीय पूर्वोदाहरण से ।
(d) अमरीका के स्वतंत्रता संग्राम से ।

**45.** 'इण्डिपेन्डेन्ट लेबर पार्टी' का संस्थापक कौन था ?

(a) आर. श्रीनिवासन
(b) बी.आर. अम्बेडकर
(c) सी. राजगोपालाचारी
(d) लाला लाजपत राय

**46.** निम्नलिखित में से कौन एक दल, राष्ट्रीय राजनीतिक दल नहीं है ?

(a) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी
(b) भारतीय जनता पार्टी
(c) तेलुगू देशम
(d) इण्डियन नेशनल काँग्रेस

**47.** भारत में प्रथम 'स्टॉक एक्सचेन्ज' किस वर्ष में स्थापित हुआ था ?

(a) 1882 में (b) 1887 में
(c) 1914 में (d) 1942 में

**48.** 2011 जनगणना के अनन्तिम आँकड़ों के अनुसार, निम्नलिखित राज्यों में से किसकी स्त्री साक्षरता दर सबसे कम है ?

(a) राजस्थान की
(b) बिहार की
(c) तमिलनाडु की
(d) उत्तर प्रदेश की

**49.** भारतीय संविधान का प्रथम प्रारूप तैयार किया गया था

(a) बी.आर. अम्बेडकर द्वारा
(b) बी.एन. राऊ द्वारा
(c) के. सन्थानम द्वारा
(d) के.एम. मुन्शी द्वारा

**50.** निम्नलिखित में से कौन <u>एक</u> 'सेज़' (विशेष आर्थिक क्षेत्र) का उद्देश्य <u>नहीं</u> है ?

(a) अतिरिक्त रोजगार अवसरों का चयन ।
(b) नवीन तकनीकों का प्रयोग ।
(c) अतिरिक्त आर्थिक क्रिया-कलापों का सृजन ।
(d) विदेशी निवेश को हतोत्साहित करना ।

**51.** निम्नलिखित में से कौन <u>एक</u> सार्वजनिक आगम का स्रोत <u>नहीं</u> है ?

(a) आयकर
(b) सार्वजनिक ऋण
(c) वैट (मूल्य-वर्धित कर)
(d) अर्थ-साह्ययकी (परिदान)

**52.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन <u>एक</u> सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

(a) एपिको आन्दोलन – पी. हेगडे
(b) चिपको आन्दोलन – एस.एल. बहुगुणा
(c) नर्मदा बचाओ आन्दोलन – मेधा पाटकर
(d) शांत घाटी आन्दोलन – बाबा आम्टे

**53.** जुलाई 2011 में जारी किए गए 2011 जनगणना के अनन्तिम आँकड़ों के अनुसार निम्नलिखित राज्यों को नगरीय जनसंख्या के प्रतिशत के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. गुजरात 2. केरल
3. महाराष्ट्र 4. तमिलनाडु

**कूट :**

(a) 4, 2, 3, 1 (b) 2, 4, 1, 3
(c) 3, 1, 2, 4 (d) 1, 3, 4, 2

**54.** निम्नलिखित वर्षों में से किस वर्ष में बी.एस.एन.एल. की स्थापना हुई थी ?

(a) 2000 में (b) 2001 में
(c) 2002 में (d) 2003 में

**55.** भारत में योजना आयोग की स्थापना किस वर्ष में हुई थी ?

(a) 1947 में (b) 1949 में
(c) 1950 में (d) 1951 में

**56.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वित्त आयोग एक गैर संवैधानिक संस्था है ।
2. योजना आयोग एक संवैधानिक संस्था है ।
3. 26.01.1949 को आर.बी.आई. का राष्ट्रीकरण हुआ था ।

उपर्युक्त वक्तव्यों में कौन से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 सही है ।
(b) केवल 3 सही है ।
(c) 1 एवं 2 सही हैं ।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**57.** उत्तर प्रदेश के कितने जिलों में पहले, मुख्यमंत्री महामाया मोबाइल अस्पताल योजना प्रारम्भ हुई थी ?

(a) 12 में
(b) 15 में
(c) 20 में
(d) मात्र 'कावल' शहरों में ।

**58.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन सुमेलित नहीं है ?
(a) माओरी – न्यूज़ीलैण्ड
(b) मसाई – ज़ाम्बिया
(c) मायाज़ – ग्वाटेमाला
(d) बुशमैन – कालाहारी

**59.** प्रधान याम्योतर (ध्रुववृत्तीय) तथा विषुवत (भूमध्य) रेखा का प्रतिच्छेदन बिन्दु अवस्थित है
(a) अंध महासागर में
(b) घाना में
(c) मोरक्को में
(d) प्रशान्त महासागर में

**60.** सर्वाधिक ऊँचाई के बादल हैं
(a) मध्य कपासी (b) मध्य स्तरी
(c) कपासी (d) पक्षाभ स्तरी

**61.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन एक सुमेलित नहीं है ?
(a) बेलग्रेड – डैन्यूब
(b) लिस्बन – टाइबर
(c) वारसॉ – विश्चुला
(d) वॉशिंगटन – पोटोमैक

**62.** सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन सूचियों के नीचे दिए गए कूट से कीजिए :

| सूची – I (देश) | सूची – II (राजधानी) |
|---|---|
| A. बुरुण्डी | 1. अस्ताना |
| B. कजाखस्तान | 2. बमाको |
| C. लाओस | 3. बुजुमबुरा |
| D. माली | 4. वियन्तियाने |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 3 | 4 | 2 |

**63.** ब्लैक पर्वत अवस्थित हैं
(a) कनाडा में (b) नॉर्वे में
(c) स्विट्जरलैण्ड में (d) यू.एस.ए. में

**64.** पृथ्वी का सर्वाधिक शुष्क क्षेत्र है
(a) अरब का मरुस्थल
(b) अटाकामा मरुस्थल
(c) गोबी मरुस्थल
(d) थार मरुस्थल

**65.** निम्नलिखित देशों में कौन अन्तर्महाद्वीपीय हैं ?
1. लाओस 2. जॉर्जिया
3. टर्की 4. ट्यूनीशिया
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
**कूट :**
(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3
(c) 1 एवं 4 (d) 3 एवं 4

**66.** देश की निम्नलिखित मिट्टियों में से किसे 'स्वत: कृष्य मिट्टी' कहा जाता है ?
(a) जलोढ़ मिट्टी
(b) लैटराइट मिट्टी
(c) कपास की काली मिट्टी
(d) मरुस्थलीय मिट्टी

**67.** निम्नलिखित में से कौन सा मापक टॉरनैडो की तीव्रता के मापन हेतु प्रयोग में लाया जाता है ?
(a) मरकेली स्केल
(b) फुजीटा स्केल
(c) साफिर-सैम्पसन स्केल
(d) रिक्टर स्केल

**68.** निम्नलिखित पर्वतीय दर्रों का सही पश्चिम से पूर्व क्रम पहचानिये :
I. शिपकी-ला II. नाथू-ला
III. बोमडी-ला IV. लिपूलेख
**कूट :**
(a) I, II, III, IV (b) II, III, IV, I
(c) I, IV, II, III (d) III, II, I, IV

**69.** जनगणना 2011 के अनन्तिम आँकड़ों के अनुसार निम्नलिखित राज्यों में से किसमें सर्वाधिक साक्षरता दर है ?

(a) आन्ध्र प्रदेश में

(b) मध्य प्रदेश में

(c) उत्तराखण्ड में

(d) उत्तर प्रदेश में

**70.** 'यू.एन. पॉपुलेशन फण्ड' के अनुसार अक्टूबर 31, 2011 को सात अरब संख्या वाला बच्चा पैदा हुआ था

(a) भारत में (b) इण्डोनेशिया में

(c) फिलिपींस में (d) रूस में

**71.** निम्नलिखित युग्मों में से कौन सुमेलित <u>नहीं</u> है ?

(a) बान्दीपुर राष्ट्रीय उद्यान – कर्नाटक

(b) मानस वन्य-जीव अभयारण्य – असम

(c) पेरियार वन्य-जीव अभयारण्य – केरल

(d) सिमलीपाल राष्ट्रीय उद्यान – मध्य प्रदेश

**72.** रोहतांग दर्रा अवस्थित है

(a) हिमाचल प्रदेश में

(b) जम्मू एवं कश्मीर में

(c) सिक्किम में

(d) उत्तराखण्ड में

**73.** जनगणना 2011 के अनन्तिम आँकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में बालिका शिशुओं की संख्या प्रति 1000 बालक शिशुओं पर है

(a) 933 (b) 899

(c) 916 (d) 892

**74.** सन् 2001-2011 की अवधि में, उत्तर प्रदेश की दशकीय जनसंख्या वृद्धिदर रही है

(a) 20.46 % (b) 20.09 %

(c) 22.19 % (d) 18.69 %

**75.** दक्षिण भारत की प्रथम मेट्रो रेल सेवा का शुभारम्भ हुआ अक्टूबर 20, 2011 को

(a) बंगलुरु में

(b) चेन्नई में

(c) हैदराबाद में

(d) विशाखापट्नम में

**76.** भूपेन हजारिका, जिनका निधन नवम्बर 5, 2011 को हुआ, उन्होंने निम्नलिखित में से किन हिन्दी फिल्मों का संगीत दिया था ? नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

1. आरोप 2. गजगामिनी

3. रुदाली 4. साज़

**कूट :**

(a) 3 मात्र (b) 2, 3 एवं 4

(c) 1, 3 एवं 4 (d) 1, 2, 3 एवं 4

**77.** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सितम्बर 14, 2011 को निश्चित किए गए नयी आवास नीति के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) के लाभग्राही वे व्यक्ति होंगे, जिनकी मासिक आय होगी :

(a) ₹ 5,000 तक (b) ₹ 6,000 तक

(c) ₹ 7,500 तक (d) ₹ 10,000 तक

**78.** अभी हाल में प्रवर्तित आई फोन 4 एस की अनन्य विशिष्टताएँ क्या हैं ? नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

1. इसमें 300 घंटे का स्टैण्डबाई समय है ।
2. इसमें 3G में 8 घण्टे का टॉकटाइम है ।
3. इसमें वाणी पहचानने वाला तथा बात करने वाला सहायक है ।
4. इसमें 640 MB का RAM है ।

**कूट :**

(a) 1 एवं 2 मात्र

(b) 1, 2 एवं 3 मात्र

(c) 2 एवं 3 मात्र

(d) 1, 2, 3 एवं 4

**79.** निम्नलिखित में से किसका टेस्ट क्रिकेट में किसी एक मैदान पर सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड है ?

(a) राहुल द्रविड़

(b) सचिन तेन्दुलकर

(c) सुनिल गावस्कर

(d) वी.वी.एस. लक्ष्मण

**80.** भारत सरकार द्वारा आरम्भ किए गए मेगा फूड पार्क्स योजना का उद्देश्य है

(a) खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए अवसंरचना (ढाँचागत) सुविधाओं में सुधार लाना ।

(b) खाद्य फसलों की उत्पादकता बढ़ाना ।

(c) खाद्य मूल्यों पर नियंत्रण करना ।

(d) उपरोक्त में से कोई भी नहीं ।

**81.** निम्नलिखित में से किसके बारे में विश्व का सबसे सस्ता 'टेबलेट पी.सी.' होने का दावा किया गया है ?

(a) आकाश (b) चिराग

(c) विद्यार्थी (d) वसुधा

**82.** भारतीय खेल पंचाट न्यायालय, जिसकी घोषणा भारतीय ओलंपिक संघ ने जुलाई 25, 2011 को की है, उसके अध्यक्ष हैं

(a) न्यायमूर्ति ए.आर. लक्ष्मणन

(b) न्यायमूर्ति बी.ए. खान

(c) न्यायमूर्ति एम.आर. कल्ला

(d) न्यायमूर्ति आर.एस. सोढ़ी

**83.** निम्नलिखित राज्यों में से किसकी 2010-2011 में सकल राज्यीय घरेलू उत्पाद में वृद्धि सर्वाधिक रही है ?

(a) बिहार

(b) छत्तीसगढ़

(c) महाराष्ट्र

(d) तमिलनाडु

**84.** "मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी" के प्रतिदर्श (पैटर्न) पर ही "स्वास्थ्य बीमा पोर्टेबिलिटी" क्रियान्वित कर दिया गया है

(a) जुलाई 1, 2011 से

(b) सितम्बर 1, 2011 से

(c) अक्टूबर 1, 2011 से

(d) नवम्बर 1, 2011 से

**85.** 2011 का साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया है

(a) एडम जी. रीस को

(b) डैनियल शैचमैन को

(c) राल्फ़ स्टेनमैन को

(d) टॉमस ट्रांस्ट्रोमर को

**86.** किसको लन्दन में नवम्बर 2011 में 'मिस वर्ल्ड-2011' का ताज पहनाया गया ?

(a) एलैक्ज़ैन्ड्रिया मिल्स को

(b) इवियन सर्कोस को

(c) प्रिसिला माकेडो को

(d) शैम्सी सुपसुप को

**87.** सूची – I (देश) को सूची – II (2011 में नियुक्त किए गए राज्य / शासकीय महिला अध्यक्षों) से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| A. ब्राजील | 1. यींगलक शिनावात्रा |
| B. अर्जेन्टीना | 2. डिलिमा राउसेफ़ |
| C. डेनमार्क | 3. क्रिस्टियाना फर्नान्डीज़ किर्चनर |
| D. थाईलैण्ड | 4. हेले थॉर्निंग-शिमड्ट |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 2 | 3 | 4 | 1 |

88. निम्नलिखित में से कौन सा NASA (नासा) का अन्तिम अन्तरिक्ष यान (शटल) रहा है ?
(a) एटलांटिस (b) कोलम्बिया
(c) डिस्कवरी (d) एनडेवर

89. निम्नलिखित में से किसने अभी हाल में शतरंज के ग्रैण्ड मास्टर (GM) का खिताब अर्जित किया है ?
(a) भक्ति कुलकर्णी
(b) द्रोणावल्लि हरिका
(c) किरण मोहन्ती
(d) पद्मिनी राउत

90. बुद्ध अन्तर्राष्ट्रीय सर्किट पर आयोजित इण्डियन ग्रान्ड प्री 2011 के प्रथम फार्मूला 1 रेस में प्राप्त स्थान के अनुसार निम्नलिखित को व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :
1. फर्नान्डो एलोंसो
2. जेन्सन बटन
3. मार्क वेब्बर
4. सेबेस्टियन वेटेल

**कूट :**
(a) 4, 1, 2, 3 (b) 4, 3, 2, 1
(c) 4, 2, 3, 1 (d) 4, 2, 1, 3

91. 2011 का मान बुकर पुरस्कार जुलियन बार्न्स को उनकी किस पुस्तक के लिए प्रदान किया गया है ?
(a) ऑर्थर एण्ड जॉर्ज
(b) इंग्लैण्ड, इंग्लैण्ड
(c) फ़्लॉबर्ट्स पैरट
(d) द सेन्स ऑफ़ ऐन एण्डिंग

92. यू.के. के हाईकोर्ट (उच्च न्यायालय) में निकट अतीत में नियुक्त किए गए प्रथम सिक्ख न्यायाधीश का नाम है
(a) अरविन्दर सिंह बख़्शी
(b) फौजा सिंह
(c) मोटा सिंह
(d) राबिन्दर सिंह

93. "ऑक्यूपाई वॉल स्ट्रीट" नामक आन्दोलन के नाम का स्रोत है
(a) ब्रिटेन का समाचार पत्र केन्द्र
(b) यू.एस.ए. का वित्तीय जिला
(c) चीन की महान दीवार
(d) फ्रांस का एक सुविख्यात मार्ग (पथ)

94. श्रवणबेलगोला में गोमतेश्वर की विशाल प्रतिमा किसने स्थापित करवाई थी ?
(a) चामुण्डा राय ने
(b) कृष्ण प्रथम ने
(c) कुमार पाल ने
(d) तेजपाल ने

95. रोमन बस्ती कहाँ से प्राप्त हुई है ?
(a) कालीबंगा (b) अरिकामेडु
(c) रंगपुर (d) सतारा

96. चोलों की राजधानी थी
(a) कावेरीपत्तन
(b) महाबलीपुरम
(c) काँची
(d) तंजौर

97. विश्व का सबसे लम्बा समुद्र-सेतु बनाया गया है
(a) पूर्वी चीन सागर पर
(b) टांकिन की खाड़ी पर
(c) जियाओझू खाड़ी पर
(d) दक्षिणी चीन सागर पर

98. दिल्ली में 'पुराना किला' के भवनों का निर्माण किया था
(a) फ़िरोज़ तुगलक ने
(b) इब्राहिम लोदी ने
(c) शेरशाह ने
(d) बाबर ने

99. निम्नलिखित में से कौन शाहजहाँ के शासन-काल में अधिकांश समय तक दक्कन का गवर्नर रहा था ?
(a) दारा शिकोह
(b) मुराद बख़्श
(c) शाह शुजा
(d) औरंगज़ेब

100. भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण की स्थापना किसके काल में हुई थी ?
(a) वॉरेन हेस्टिंग्ज़
(b) लॉर्ड वेलेज़ली
(c) लॉर्ड कर्ज़न
(d) लॉर्ड विलियम बेंटिक